**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**11.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में विश्व स्तरीय आधारभूत ढांचा सृजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज शिमला में 26 नई एडवांस लाईफ स्पोर्ट एम्बुलेंस का राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा 108 में समायोजन और स्वास्थ्य विभाग व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के शुभारम्भ के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र उनकी सरकार की प्राथमिकता है और इस क्षेत्र में लगातार बड़े बदलाव किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के भाई की गिरफ्तारी पर कहा कि सरकार ने पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई की है।

---

**जीएसटी सुधार–हिमाचल प्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने की 22 तारीख को जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। इसका समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश में उत्पादित होने वाले काला जीरा और चूली तेल पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है जिससे किसानों को लाभ होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

**अधिक ब्योरा इस रिर्पोट में..............**

*नए जीएसटी सुधारों ने हिमाचल प्रदेश के किसानों और उद्योगों को जीएसटी में कटौती कर बढी राहत दी है। नई जीएसटी दरों के तहत राज्य में उत्पादित वस्तुओं जैसे काला जीरा और चुली तेल पर कर की दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इस बदलाव से इन उत्पादों की खेती और प्रसंस्करण में लगे किसानों और ग्रामीण परिवारों को लाभ होगा। इसी तरह सेब की खेती करने वाले किसानों को भी पैकेजिंग सामग्री जैसे कार्टन और ट्रे पर कर की दरे घटने से फायदा होगा। जिससे फसल के मौसम में कुल खर्च कम होगा। औद्योगिक क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में काम करने वाले लगभग 20 हजार श्रमिकों को भी पांच प्रतिशत वाली नई जीएसटी दर से काफी लाभ होगा क्योंकि इससे उत्पादों की खुदरा कीमते कम होंगी। इसके अलावा कृषि उत्पादों पर जीएसटी में कमी से किसानों को अधिक समर्थन मिलेगा। ग्रामीण आजीविका मजबूत होगी और राज्य के औद्योगिक विकास को बढावा मिलेगा। सरकार के इस निर्णय से हिमाचल प्रदेश एक मजबूत बाजार के रूप में उभरेगा।*

---

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हर विभाग और हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में अब तक 7 हजार नियमित भर्तियां की

जा चुकी हैं। इनमें जेबीटी से लेकर कॉलेज कैडर के प्रिंसिपल तक की नियुक्तियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार हुआ है और आज हिमाचल प्रदेश पूर्ण साक्षर राज्य बन गया है।

---

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा है कि खेलों के माध्यम से जहां शारीरिक विकास होता है वहीं मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास टीम भावना और अनुशासन की भावना का भी विकास होता है। धर्माणी आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में तीन दिवसीय अंडर–14 जिला स्तरीय छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारम्भ के मौके पर बोल रहे थे। राजेश धर्माणी ने कहा कि खेल मैदान विद्यार्थियों के जीवन का अनिवार्य अंग है जो उन्हें जीवन में कठिन परिस्थितियों से जुझने और सफलता पाने का मार्ग सिखाते हैं। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर जिला की लगभग 4 सौ छात्राएं कबड्डी, वालीबाल, खो–खो, बैडमिंटन, हॉकी, जूडो और कुश्ती जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

---

**सेना भर्ती**

सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष सिंह ने कहा है कि अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती के लिए शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर ज़िलों के ऑनलाईन परीक्षा पास उम्मीदवारों को फिजिकल टैस्ट के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन परीक्षा पास करने वाले युवा ज्वाईन इंडियन आर्मी की वैबसाईट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती रैली का आयोजन प्रिथी मिलटरी स्टेशन अवेरी पट्टी रामपुर बुशहर में 17 नवम्बर से 24 नवम्बर के बीच किया जाएगा।

---

**छात्रवृति**

शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन प्राप्त करने के लिए केंद्रीय क्षेत्र प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 अक्तूबर, आइएनओ स्तर पर जांच, एल–1 की अन्तिम तिथि 31 अक्तूबर, तथा डीएनओ व एसएनओ स्तर पर जांच, एल–2 की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर, निर्धारित की गई है।

---